प्रेस नोट थाना रामचन्द्र मिशन

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक- 19.05.2026

"थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस को मिली बडी कामयाबी काफी लम्बे समय से लापता चल रहे 01 नफर वारण्टी / हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पश्चिम बंगाल से किया गया गिरफ्तार"

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब, अवैध शस्त्र तथा मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त सक्रिय/चिन्हित अपराधियों, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

उक्त अभियान के दौरान थाना रामचन्द्र मिशन का हिस्ट्रीशीटर एवं काफी लंबे समय से फरार चल रहा वारंटी अभियुक्त ओमकार उर्फ झब्बू पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम गुवांरी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 56 वर्ष, जो मा0 उच्च न्यायालय की क्रिमिनल अपील संख्या 1417/12 तथा सत्र परीक्षण संख्या 520/07, अ0सं0 34/2006 धारा 302/307/34/394 भादवि थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर से संबंधित था, को दिनांक 17.05.2026 को समय करीब 02:30 बजे उसकी ससुराल बिहारीपारा थाना बेहरामपुर जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत अभियुक्त को स्थानीय न्यायालय लॉर्ड सी.जे.एम., मुर्शिदाबाद, बेहरामपुर के समक्ष तीन दिवस के ट्रांजिट रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया। अभिलेखों के अवलोकन उपरांत मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 20.05.2026 तक तीन दिवस का ट्रांजिट रिमाण्ड स्वीकृत किया गया। तत्पश्चात अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में दून एक्सप्रेस द्वारा लाकर दिनांक 19.05.2026 को समय करीब 01:05 बजे थाना हाजा पर दाखिल किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही संपादित करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण :-

ओमकार उर्फ झब्बू पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम गुवांरी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 56 वर्ष

पंजीकृत अभियोग/वाद का विवरण:-

मा0उच्च न्यायालय क्रि0 अपील सं0 1417/12, सत्र परीक्षण संख्या 520/07 मु0अ0सं0 34/2006 धारा 302,307,34,394 भादवि थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय-

दिनांक 17.05.26 को समय 02.30 बजे उसकी ससुराल बिहारीपारा थाना बेहरामपुर जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 श्री विक्रम कुमार थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री सत्येन्द्र पाल सिंह थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर।
3. का0 2644 लवकुश शर्मा थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर